चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0 / 4188 दिनांक : 27-11-26

अतिमहत्वपूर्ण / सर्वोच्च प्राथमिकता
विज्ञप्ति

विषय : विश्वविद्यालय परिसर तथा महाविद्यालयों / संस्थानों में अध्ययनरत् समस्त स्नातक / परास्नातक पाठ्यक्रमों के छात्र / छात्राओं के विषम सेमेस्टर दिसम्बर–2026 के आन्तरिक / वाह्य / प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा के अंक ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में।

विश्वविद्यालय परिसर के समस्त विभागाध्यक्ष एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध राजकीय / अनुदानित / स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों / संस्थानों के प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक को सूचित किया जाता है कि **समस्त स्नातक / परास्नातक पाठ्यक्रमों विषम सेमेस्टर दिसम्बर–2026 के आन्तरिक / वाह्य / प्रयोगात्मक परीक्षा के अंक** विश्वविद्यालय के ऑनलाईन पोर्टल पर **लिंक https://ccsuniversityweb.in/** के माध्यम से अपलोड होंगे। यदि अंक अपलोड करने में कोई समस्या आती है तो **हेल्प लाईन नम्बर–8077791145, 7078132884 एवं ई–मेल** helpdeskccsuweb@gmail.com के माध्यम से सम्बन्धित समस्या का निवारण कर सकते हैं। विज्ञप्ति संख्या–गोप0 / 3129, दिनांक 31.10.2026 एवं विज्ञप्ति संख्या–गोप0 / 4162, दिनांक 16.11.2026 के माध्यम से अवगत कराया गया था कि **विषम सेमेस्टर दिसम्बर–2026 की सैद्धान्तिक परीक्षायें प्रारम्भ होने से पूर्व उक्त वांछित अंक अपलोड करना सुनिश्चित करें परन्तु अद्यतन महाविद्यालयों द्वारा वांछित अंक अपलोड नहीं किये गये हैं। यह भी अवगत कराना है कि प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर (समर्थ पोर्टल) के उक्त परीक्षा के अंक अपलोड किये जाने हेतु विज्ञप्ति अलग से जारी की जायेगी।**

उक्त वांछित अंक अपलोड करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि –

1. आपके महाविद्यालय / संस्थान में प्रवेशित किसी छात्र के आन्तरिक / वाह्य / प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा के अंक अपलोड करने से छूट न जाय।
2. पूर्णांक व प्राप्तांक का सम्यक परीक्षण कर ही अपलोड करें ताकि त्रुटि की सम्भावना न रहे।
3. अनुपस्थित छात्रों की सूची के साथ आन्तरिक / वाह्य / प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा के अंकों की पोर्टल प्रति / कुलसचिव प्रति गोपनीय विभाग की खिड़की नं0–40 पर जमा करें।

परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 20.03.2021 में लिये गये निर्णय और मा0 कुलपति महोदया के आदेश के अनुपालन में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय / संस्थान / परिसर के प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक / विभागाध्यक्ष से अनुरोध है कि **विषम सेमेस्टर दिसम्बर–2026 की सैद्धान्तिक परीक्षायें प्रारम्भ होने से पूर्व अपलोड कर दिये जाय अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित महाविद्यालयों / संस्थानों के छात्र / छात्राओं के उक्त परीक्षा के प्रवेश पत्र डाउनलोड नहीं कराये जायेंगे इसके लिये सम्बन्धित महाविद्यालय / संस्थान उत्तरदायी होंगे।**

27/11/26
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि:–

1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के सादर संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
4. वैयक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।
5. चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों / संस्थानों के प्राचार्य / प्राचार्या को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. समस्त विभागाध्यक्ष, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. प्रभारी, कम्प्यूटर केन्द्र को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
8. प्रभारी, रिजल्ट सेल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
9. निदेशक, सार इन्फोसिस्टम प्रा0लि0 को इस निर्देश के साथ कि उक्त लिंक पर अंक अपलोड करने की निर्बाध सेवायें उपलब्ध कराना और यदि कोई समस्या उत्पन्न होती है तो तत्काल उसका निस्तारण करना भी सुनिश्चित करें।
10. प्रभारी वेबसाईट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने तथा समस्त विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय परिसर की ई–मेल पर प्रेषित करने हेतु।
11. प्रेस प्रवक्ता को छात्रहित में सम्मानित समाचार पत्रों में नि:शुल्क प्रकाशित कराने हेतु।
12. प्रभारी, परिसर सेल को इस निर्देश से कि सभी विभागों में विज्ञप्ति प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

सहा0 कुलसचिव (गोप0)